हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 15 जुलाई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री


4 खतरनाक गड्ढों के कारण धौरपुर-बबौली मार्ग से आवागमन हुआ मुश्किल





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3


70 प्रतिशत तक पहुंची कमी, दूसरे कॉलेज की स्थापना के लिए भेजे गए डीन-एमएस बनाकर

# प्रमोशन और ट्रांसफर के कारण लगातार बिगड़ रही मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



**खास बात**
- वर्षों इंतजार के बाद स्थानांतरण के साथ मिली पदोन्नती से खाली हो गई सीटें

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की हालत बिगड़ती जा रही है। कॉलेज स्थापना के बाद से ही फैकल्टी की कमी से जुझ रहा है और नए प्रोफेसर की नियुक्ति डीएमई से नहीं हो पा रही है लेकिन इस बीच कॉलेज के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के ट्रांसफर का सिलसिला जारी है। एक तरफ नए कॉलेज स्थापित करने के नाम पर मुश्किल से अपने पैरों पर खड़े हो रहे मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी को हटाने का काम हो रहा है। प्राध्यापकों को दूसरे मेडिकल कॉलेज का डीन, एमएस बनाकर भेजा जा रहा है तो वहीं वर्षों से प्रमोशन का इन्तजार कर रहे चिकित्सकों को भी प्रमोशन के साथ स्थानान्तरण का आदेश थमा दिया गया। आलम यह है कि मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी घटकर 70 प्रतिशत तक आ गई है। इसका सीधा असर मेडिकल कॉलेज में छात्र छात्राओं के यूजी और पीजी की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

बता दें कि सरगुजा में राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2016 में की गई थी। स्थापना के बाद से ही कॉलेज फैकल्टी और भवन की समस्या से जूझ रहा है। मेडिकल कॉलेज का अस्पताल आज भी अधूरा है और जिला अस्पताल में इसका संचालन हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर कॉलेज में हमेशा से ही फैकल्टी की कमी रही। दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण दूर दराज से फैकल्टी सरगुजा के मेडिकल कॉलेज में नहीं आना चाहते। पूर्व में जगह जगह वाक इन इंटरव्यू और अनेकों प्रयासों के बाद सरगुजा तक फैकल्टी को लाया गया था। मेडिकल कॉलेज को फैकल्टी की कमी के कारण एनएमसी को 3 लाख रूपए का जुर्माना भी भरना पड़ा लेकिन इसके बाद भी कॉलेज में फैकल्टी की कमी को दूर करने का कार्य नहीं किया गया बल्कि बड़े पैमाने पर सरगुजा की फैकल्टी को दूसरे मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के नाम पर तो कहीं प्रमोशन के नाम पर ट्रांसफर कर भेजा जा रहा है। इस ट्रांसफर का सीधा असर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस और पीजी की पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं पर पड़ेगा। वर्तमान में जो प्रोफेसर, एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत है उनपर भी भार बढ़ गया है। प्रबंधन से जुड़े लोग भी यह मान रहे है कि फैकल्टी के ट्रांसफर से ना सिर्फ कॉलेज में पढ़ाई प्रभावित होगी बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका असर पड़ेगा।

## घटकर 70 प्रतिशत पर पहुंची फैकल्टी

बड़ी बात यह है कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ट्रांसफर के खेल के कारण फैकल्टी की कमी बढती जा रही है। बड़े पैमाने पर ट्रांसफर किए जा रहे है लेकिन यहां ना ही नई नियुक्ति की जा रही है और ना ही नये डॉक्टर भेजे जा रहे है। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापकों के 21 स्वीकृत पदों में से केवल 9 प्राध्यापक ही शेष है। इनमें फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन, रेडियोडायग्नोसिस और रेडियोथेरेपी जैसे महत्वपूर्ण विभागों में प्राध्यापक नहीं हैं। इसके अलावा इसके अलावा सह-प्राध्यापक के 27 में से 12 पद, सहायक प्राध्यापक के 4 पद, सीनियर रेजिडेंट के 13 पद और ट्यूटर के 5 पद भी खाली हैं। यही वजह है कि मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी बढ़कर 60 से 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### ये बनाकर भेजे गए डीन-एमएस

मेडिकल कॉलेज में पदस्थ एचओडी एनाटॉमी डॉ. रंजना आर्या को अधिष्ठाता, व प्राध्यापक व एचओडी ओर्थोपेडिक डॉ. अरुणेश सिंह को अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था और बाद में उन्हें पूर्ण कालिक प्रभार दे दिया गया। इसी तरह अस्पताल के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. एसपी कुजूर और ईएनटी विभाग के एचओडी डॉ. बीआर सिंह को जशपुर मेडिकल कॉलेज का डीन-एमएस बनाकर भेज दिया गया है। वर्तमान में ये दोनों मेडिकल कॉलेज में अपना कार्य कर रहे है लेकिन भविष्य में उन्हें एक कॉलेज को छोड़ना पड़ेगा।

## प्रमोशन के नाम पर भेजे गए ये डॉक्टर

इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज से वर्तमान में प्रमोशन के नाम पर बड़े पैमाने पर डीएमई के फैकल्टी को भेज दिया गया। एसोसिएट प्रोफेसर पैथोलॉजी डॉ. विशाल कुलकर्णी को प्रमोशन के बाद गीदम भेज दिया गया और उन्हें गीदम में ज्वाइन कर लिया। इसी तरह शिशु रोग विभाग की एचओडी डॉ. सुमन सुधा तिर्की को मनेन्द्रगढ़ भेज दिया गया। हालांकि अस्पताल में एनेस्थेसिया विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. पार्थ सारथी को मनेंद्रगढ़ भेजा गया था लेकिन उन्होंने ट्रांसफर के कारण प्रमोशन नहीं लिया और अब उन्हें नियम के तहत तीन सालों तक प्रमोशन नहीं मिल पाएगा। आने वाले दिनों में और भी चिकित्सकों की प्रमोशन लिस्ट आने वाली है। इसी तरह अस्पताल में कॉन्ट्रैक्ट बेस कर काम कर रहे प्रोफेसर डॉ. राजेश श्रीवास्तव चले गए। मेडिकल कॉलेज में कॉन्ट्रैक्चुअल में काम कर रहे 6 डॉक्टर का पीएससी से नियमित चयन हुआ और उसमें से सिर्फ एक चिकित्सक ही सरगुजा को मिला बाकी सभी को दूसरे कॉलेज भेज दिया गया। उदाहरण के लिए डर्मा विभाग से डॉ. संगीता भारती और एनाटॉमी से सीमा तिग्गा को भेज दिया गए जबकि दोनों ही विभागों में यहाँ पद रिक्त है।

### लगातार चल रहा है प्रयास

प्रभार और ट्रांसफर पोस्टिंग का कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए हम लगातार प्रयासरत है। शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है।

-डॉ. अविनाश मेश्राम
डीन, आरएसडीकेएस मेडिकल कॉलेज

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 19 को

**अंबिकापुर।** शतरंज संघ सरगुजा द्वारा 19 जुलाई को एक दिवसीय स्व. जीएच रायसोनी मेमोरियल जूनियर रैपिड शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन शतरंज भवन गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने बतया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 जुलाई प्रातः 9 बजे होगा एवं 10 बजे से मैच प्रारंभ हो जाएंगे। प्रतियोगिता अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग आयोजित होगी। समस्त वर्गों में बालक-बालिकाओं के विजेताओं को 1200 रुपए की नगद राशि एवं ट्रॉफी तथा उपविजेताओं को 900 रुपए की नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। सभी वर्गों में तीसरे एवं चतुर्थ स्थान आने वाले खिलाड़ियों को भी मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश शुल्क 400 रूपए निर्धारित किया गया है। प्रवेश शुल्क 15 जुलाई शाम 5 बजे तक जमा किया जा सकता है। 16 जुलाई को शाम 5 बजे तक 200 रूपए विलंब शुल्क के साथ प्रवेश शुल्क जमा किया जा सकेगा। प्रत्येक वर्ग के टॉप-4 बालक बालिकाओं कुल 56 खिलाड़ियों को रायपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा।

### रेलवे फाटक के समीप गिरे स्कूटी सवार वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** चिरमिरी रेलवे फाटक के समीप अनियंत्रित होकर गिरे सवार वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम बेकोना निवासी राम भरोस आ. मेघाराम (73 वर्ष) परिवार के साथ चिरमिरी हल्दीबाड़ी में रहता था। 12 जुलाई की सुबह स्कूटी से भैयाथान निवासी रिश्तेदार से मिलने आए थे। रिश्तेदार से मिलने के पश्चात स्कूटी से वापस घर जाने लगे और जैसे ही चिरमिरी रेलवे फाटक के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित सड़क किनारे गिरने जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को चिरमिरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

## 20 लाख रूपए दहेज के लिए महिला डॉक्टर से मारपीट और प्रताड़ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पति समेत 5 के खिलाफ अपराध दर्ज, बिश्रामपुर क्षेत्र का मामला

शादी के बाद एक महिला डॉक्टर को 20 लाख रूपए दहेज के लिए प्रताड़ति किया गया। महिला के पति, सास-ससुर के साथ ही परिवार के अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया। अब महिला चिकित्सक की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 5 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।


बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर अंतर्गत शिवनंदनपुर निवासी डॉ. प्रियंका जायसवाल की शादी 30 अप्रैल 2025 को मरवाही निवासी डॉ. कोमल प्रसाद राय से हिन्दू रीति रिवाज के साथ की गई थी। शादी के दौरान महिला डॉक्टर प्रियंका के पिता क्रिसन कुमार जायसवाल ने तिलक में 3 लाख 25 हजार रूपए नगद और सोने की चेन, अंगूठी दी थी। सगाई और तिलक का कार्यक्रम मनेंद्रगढ़ के होटल हसदेव इन में हुआ था जिसका आधा खर्च मांगने पर उन्होंने 80 हजार रुपए भी लड़की पक्ष के लोगों ने दिया था। आरोप है कि शादी के पहले पति डॉ. कोमल राय ने नया घर और कार खरीदने का हवाला देकर डॉ. प्रियंका के पिता से 5 लाख रुपए उधार लिया था और बाद में लौटाने की बात कही थी। महिला का आरोप है कि सगाई के अगले दिन 2 अप्रैल को ससुर और अन्य परिजन ने फोन कर 20 लाख रुपयों की मांग इस आधार पर की थी कि 10 लाख रूपए तो चपरासी को भी मिलते है कोमल तो फिर भी डॉक्टर है। 20 लाख की मांग करने पर महिला चिकित्सक के पिता ने शादी करने से मना करते हुए रिस्ता तोड़ने की बात कही जिसके बाद दिखावे के लिए आरोपियों ने माफ़ी मांगी और इसके बाद 30 अप्रैल को विश्रामपुर के आनंद रिहंदम मैरिज लॉन में दोनों की शादी हुई, जिसमें घरेलू सामान भी दिया गया। अब महिला की शिकायत पर बिश्रामपुर पुलिस ने पति 39 वर्षीय डॉ. कोमल प्रसाद राय, 65 वर्षीय ससुर पुरुषोत्तम राय, 60 वर्षीया सास अरुणा देवी, 45 वर्षीय अमित जायसवाल, ननद 46 वर्षीया कामिनी जायसवाल, 45 वर्षीय विजय जायसवाल और 43 वर्षीय किरण जायसवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3(5) और 85 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शादी के बाद शुरू हुई प्रताड़ना

डॉ. प्रियंका ने आरोप लगाया कि शादी के बाद ससुराल में उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। कुछ दिनों तक उन्हें मरवाही स्थित घर के एक कमरे में रखा गया और बाहर तक नहीं निकलने दिया गया। पति, सास-ससुर, दोनों ननद और उनके पतियों ने 20 लाख रुपए लाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी। बाद में वह पति के साथ मनेंद्रगढ़ की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने लगीं। वहां उन्हें पता चला कि पति शराब का आदी है और रोज शराब पीकर मारपीट करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पति के कारण पहले एक युवती आत्महत्या कर चुकी है और वह पहले जेल भी जा चुका है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने पिता को दी। समाज के लोगों ने समझाइश दी, लेकिन स्थिति नहीं बदली। जनवरी 2026 में सास-ससुर फिर मनेंद्रगढ़ पहुंचे और 20 लाख रुपये की मांग को लेकर विवाद किया। प्रताड़ना से परेशान होकर डॉ. प्रियंका 26 फरवरी 2026 को मायके लौट आईं। 12 अप्रैल 2026 को दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष ने कथित तौर पर साफ कह दिया कि 20 लाख रूपए दहेज मिलने पर ही वे उन्हें वापस साथ ले जाएंगे।

## दरवाजे का रॉड तोड़कर बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागे 13 अपचारी बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- 23 जून को भी भागे थे 11 बालक, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

शहर के बाल संप्रेक्षण गृह से एक बार फिर से अपचारी बालकों के फरार होने की घटना सामने आई है। अपचारी बालकों ने बाल संप्रेक्षण गृह का गेट तोड़कर फरार हो गए। बाल संप्रेक्षण गृह से 13 अपचारी बालकों के भागने की बात सामने आई है।

बड़ी बात यह है कि इसके पहले 23 जून को भी संप्रेक्षण गृह की खिड़की तोड़कर 11 अपचारी बालक भाग निकले थे। एक महीने के भीतर दूसरी घटना से बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम बाल संप्रेक्षण गृह के दरवाजे को तोड़कर 13 अपचारी बालक फरार हो गए। रात लगभग आठ बजे बालकों ने बाल सम्प्रेक्षण गृह के पीछे की तरफ मौजूद लोहे के गेट के रॉड को फैलाकर जगह बनाई और फिर भाग निकले। इस दौरान प्रबंधन की नजर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के मॉनिटर पर पड़ी जिसमें बच्चे पीछे की ओर से भागते नजर आए। जब तक बाल सम्प्रेक्षण गृह प्रबंधन हरकत में आता बच्चे फरार हो चुके थे। इस घटना के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। भागने वाले अपचारी बालकों के दुष्कर्म, हत्या, लूट, चोरी समेत विभिन्न धाराओं के तहत अपराधों में शामिल होने की बात कही जा रही है। बड़ी बात यह है कि इसके पर्व 23 जून को भी इसी बाल सम्प्रेक्षण गृह से 11 अपचारी बालक फरार हो गए थे जिनमें से कुछ अभी तक फरार हैं।

पूर्व में हुई घटना के बाद कलेक्टर-एसएसपी ने भी बाल सम्प्रेक्षण गृह का जायजा 24 जून को लिया था और आवश्यक सुधार और भवन की आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे लेकिन एक बार फिर से अपचारी बालक चकमा देकर भागने में सफल हो गए। गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि अपचारी बालकों के भागने की सूचना मिली है। घटना की जांच चल रही है।

### हर सोमवार हल्का मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे पटवारी और सचिव

**बैकुंठपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व संबंधी कार्यों को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के सभी पटवारियों एवं पंचायत सचिवों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने कहा कि अब प्रत्येक सोमवार को सभी पटवारी अपने-अपने हल्का मुख्यालय तथा पंचायत सचिव अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों के राजस्व एवं अन्य आवश्यक कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे। उन्होंने यह निर्देश अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर एवं सोनहत तथा जिले के सभी तहसीलदारों को दिए हैं।

## संजय वन वाटिका के 16 हिरणों को छोड़ा जाएगा सोनहत जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- ले जाने के लिए पहुंचा ट्रक, 4 दिनों से किया जा रहा अनुकूलन, आज होंगे रवाना

संजय वन वाटिका के हिरणों को गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा। हिरणों को टाइगर रिजर्व में छोड़ने के पूर्व अनुकूलन के लिए उन्हें विशेष बाड़ा में रखा गया है। अनुकूलन अवधि पूरी होने के बाद हिरणों को बुधवार को गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व के लिए रवाना किया जाएगा।

इस साल फरवरी के अंतिम सप्ताह में कुत्तों का झुंड संजय वन वाटिका में घुस गया था। कुत्तों के हमले में 15 हिरणों की मौत हो गई थी। पहली बार हुई इस घटना से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया था साथ ही वैद्य अनुमति के बिना संजय वन वाटिका में वन्य जीवों का



रेस्क्यू सेंटर संचालित करने एवं बड़ी संख्या में संरक्षित श्रेणी के वन्य जीवों को रखने को लेकर भी सवाल उठे थे। इस घटना के बाद विभाग ने वाटिका में उपलब्ध वन्य जीवों को संरक्षित वनक्षेत्र में छोड़ने का निर्णय लिया था साथ ही अनुमति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन की अनुमति मिलने के बाद विभाग द्वारा संजय वन वाटिका में बचे 16 हिरणों को गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व में छोड़ने की तैयारियां की जा रही है। विभाग द्वारा टाइगर रिजर्व के सोनहत जंगल में छोड़ने का निर्णय लिया गया है। हिरणों को टाइगर रिजर्व के सोनहत जंगल में छोड़ने के पूर्व हिरणों का दोनों स्थानों पर अनुकूलन किया जाएगा। हिरणों को पिछले चार दिनों से वाटिका के एक विशेष बाड़ा में रखा गया है। हिरणों को सोनहत ले जाने विभाग का विशेष ट्रक मंगाया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत बुधवार को सभी हिरण ट्रक से सोनहत के लिए रवाना किए जाएंगे। बताया जा रहा है सोनहत परिक्षेत्र स्थित हिरणों के बाड़े को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है तथा विभाग द्वारा बाड़े की मरम्मत कराई जा रही है। बुधवार को दोपहर तक बाड़े की मरम्मत हो जाएगी। सोनहत स्थित बाड़े में भी हिरणों का अनुकूलन किया जाएगा तथा अनुकूलन होने के बाद उन्हें जंगल में छोड़ा जाएगा।इस संबंध में वन मण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत ने बताया कि हिरणों को भेजने के पूर्व पिछले चार दिनों से उनका अनुकूलन किया जा रहा है। बुधवार को हिरणों को विशेष वाहन से सोनहत के लिए रवाना किया जाएगा।

नगर निगम के मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण

## समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ता से लगे रहें एल्डरमैन : अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर






छत्तीसगढ़ गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, कलेक्टर अजीत बसंत, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर तथा पूर्व सभापति ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में नगरपालिक निगम के मनोनीत पार्षदों का शपश ग्रहण समारोह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

कलेक्टर अजीत बसंत ने मनोनीत पार्षद करताराम गुप्ता, राज बहादुर शास्त्री, श्रीमती सावित्री जायसवाल, संतोष दास, रमेश जायसवाल, शरद सिन्हा तथा श्रीधर केशरी को शपथ दिलाई। दो एल्डरमैन तजिंदर बग्गा व श्रीमती किरण सोनी के अनुपस्थित होने के कारण उन्हें शपथ नहीं दिलायी जा सकी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने एवं निगम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ता से लगे रहने का आह्वान किया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि आ सभी के ननि में आ जाने से मेरी टीम और मजबूत हो गई है। भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि मनोनीत पार्षदों की निगम में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, आप जनता की आवाज बनकर सबकी उम्मीदों पर खरा उतरें। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने किया। इस दौरान निगम पार्षदों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य 18 को लगेंगे विशेष शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिले के किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अब विभागीय योजनाओं का लाभ केवल भूमि स्वामी अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को फार्मर आईडी होने पर ही मिलेगा। वर्तमान में संयुक्त खाताधारकों के लिए भी फार्मर आईडी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। यदि किसी ऋण पुस्तिका अथवा खाते में एक से अधिक लोगों के नाम दर्ज हैं, तो सभी खाताधारक अलग-अलग एग्रीस्टैक पंजीयन करा सकते हैं। वहीं, एक ही खाते में अलग-अलग खसरा नंबर दर्ज होने की स्थिति में संबंधित सभी खाताधारकों को अपने-अपने खसरा नंबर के आधार पर पंजीयन कराना आवश्यक होगा।

### ट्रैफिक मैन के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय के यातायात विभाग में पदस्थ 'ट्रैफिक मैन' के नाम से प्रसिद्ध राष्ट्रपति पदक प्राप्त हवलदार डॉ. महेश मिश्रा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा ने 5 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। वहीं डीआईजी नगर सेना राजेश पाण्डेय एवं तत्कालीन पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे ने भी 500-500 रुपए का नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि डॉ. महेश मिश्रा लंबे समय से यातायात जनजागरूकता, सड़क सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग, समाज सेवा एवं जनहित के क्षेत्र में समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं।

गड्ढों के बीच निकला सरिया बना हादसे का खतरा

# खरवत रेलवे अंडरब्रिज की सड़क जर्जर



सड़क पर निकला सरिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय से सटे ग्राम खरवत स्थित रेलवे अंडरब्रिज की सीसी सड़क दिनों-दिन जर्जर होती जा रही है। समय पर मरम्मत नहीं होने से सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ रही है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जानकारी के अनुसार, खरवत चौक से सोनहत मार्ग पर स्थित रेलवे अंडरब्रिज के नीचे कुछ वर्ष पूर्व सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। समय के साथ सड़क की ऊपरी परत उखड़ गई है और जगह-जगह गिट्टियां बाहर निकल आई हैं। लगातार बढ़ती क्षति के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। यदि जल्द सुधार कार्य नहीं हुआ तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है। यह मार्ग सोनहत जाने का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं।

सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों को अंडरब्रिज से गुजरते समय विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है।

**गड्ढों के बीच निकला सरिया**

अंडरब्रिज के नीचे कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। सबसे गंभीर स्थिति उस जगह की है जहां क्षतिग्रस्त सड़क के बीच से लोहे का सरिया बाहर निकल आया है। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से सरिया दिखाई नहीं देता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत नहीं कराई गई तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने रेलवे और संबंधित विभाग से मांग की है कि बरसात के दौरान जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंडरब्रिज की सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

## गुप्त नवरात्र आज से



■ दुर्लभ संयोग में होगी शक्ति की आराधना

**बैकुंठपुर।** आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र 15 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में शक्ति की गुप्त रूप से आराधना की जाएगी। जिले के देवी मंदिरों में इसकी तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। तंत्र साधना और विशेष अनुष्ठानों के लिए गुप्त नवरात्र का विशेष महत्व माना जाता है।

ज्योतिषाचार्य बालगोपाल गर्ग के अनुसार इस वर्ष की आषाढ़ गुप्त नवरात्र कई वर्षों बाद बन रहे दुर्लभ शुभ संयोग के कारण विशेष फलदायी मानी जा रही है। मान्यता है कि इस अवधि में विधि-विधान से की गई साधना, मंत्र जाप और देवी उपासना का विशेष पुण्य एवं सकारात्मक फल प्राप्त होता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष में कुल चार नवरात्र आते हैं, जिनमें दो प्रकट नवरात्र (चैत्र एवं शारदीय) तथा दो गुप्त नवरात्र (माघ एवं आषाढ़) होते हैं। प्रकट नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की सार्वजनिक रूप से पूजा-अर्चना की जाती है, जबकि गुप्त नवरात्र में दस महाविद्याओं की गुप्त साधना का विशेष महत्व बताया गया है। यह पर्व विशेष रूप से तंत्र साधकों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्र में साधना जितनी गोपनीयता के साथ की जाती है, उसके सफल और फलदायी होने की संभावना उतनी अधिक मानी जाती है। वहीं गृहस्थ जीवन से जुड़े श्रद्धालु भी इस दौरान देवी की नियमित पूजा, मंत्र जाप और उपासना कर सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना कर सकते हैं।



# लंबित प्रकरणों का शीघ्र हो निराकरण

■ पेंशनर्स महासंघ की महलपारा में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ की जिला कोरिया इकाई की सक्रिय कार्यकारिणी की बैठक शहर के महलपारा स्थित डॉ. अरविंद नारायण सिंह के निरामय आयुष केंद्र में आयोजित की गई।

बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं एवं संबंधित विभागों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र और सकारात्मक निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण विषय संविलियन के बाद सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवा-गणना में हो रही देरी का रहा। वक्ताओं ने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर पूर्व में आवश्यक निर्देश जारी कर चुका है, इसके बावजूद प्रभावित कर्मचारियों की समस्या का अब तक संतोषजनक समाधान नहीं हो पाया है। महासंघ ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक प्रक्रियात्मक कार्रवाई कर समाधान की दिशा में प्रभावी प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक का शुभारंभ जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता के स्वागत उद्बोधन से हुआ। भारत माता के जयघोष के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। संभागीय अध्यक्ष गुरुचरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की शक्ति से ही नैतिक एवं विधिक अधिकार प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को महासंघ से जोड़ने का आह्वान किया। उप-प्रांताध्यक्ष प्रदीप सोनी ने प्रदेश स्तर पर महासंघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संभागीय समिति जिला और प्रदेश के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने जिला स्तर की समस्याओं को निःसंकोच संभाग के माध्यम से प्रदेश तक पहुंचाने का आग्रह किया, ताकि उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने 3 अगस्त को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने का भी आह्वान किया। बैठक में डॉ. अरविंद नारायण सिंह, पूर्व प्राचार्य अखिलेश चंद्र गुप्ता, पूर्व प्राचार्य प्रभात सिन्हा, जिला सचिव घनश्याम जायसवाल, दीपक राजदान, गुरुप्रसाद दुबे, कृष्ण कुमार तिवारी, श्यामकांत मिश्रा एवं कृष्णा तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दीपक राजदान ने आभार प्रदर्शन किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करें




■ मातृ-शिशु स्वास्थ्य समेत कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, उच्च जोखिम गर्भावस्था, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), पोषण पुनर्वास केन्द्र, आयुष्मान भारत योजनाओं, महामारी नियंत्रण एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों एवं कार्यक्रमों की प्रगति का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। बैठक में कलेक्टर यादव ने कहा कि बैकुंठपुर आकांक्षी विकासखंड होने के कारण स्वास्थ्य संबंधी सभी आकांक्षी सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार लाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, पोषण एवं अन्य प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाए। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व जांच एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक उपचार पहुंचना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। टीकाकरण कार्यक्रम (यू-विन) की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मैदानी स्तर पर कार्य होने के बावजूद कई स्थानों पर पोर्टल में समय पर डेटा प्रविष्टि नहीं की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## युवा पंजीयन अभियान को गति देने पर जोर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरिया तथा जिला सलाहकार समिति (माय भारत) की अध्यक्ष रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सलाहकार समिति (माय भारत) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिकतम युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करने तथा वार्षिक कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

**न्यायालयः (ASHISH BHAGAT) CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, SURAJPUR DISTT.-SURAJPUR(C.G.)**

उत्तराधिकार क्रं.-32/2025
प्रो.नं.-149/26
पेशी दिनाँक-22/08/26

**// ईश्तहार //**

प्रति,
1. कमलेश्वरी माता बहालो बाई पिता त्रिभुवन सिंह उम्र लग.38 वर्ष जाति- गोंड, निवासी ग्राम सूरता थाना व तहसील रामानुजनगर जिला- सूरजपुर छ.ग.

-------आवेदिका

प्रति

1. सुमित्रा माता बहालो बाई पिता त्रिभुवन सिंह उम्र लग.42 वर्ष
2. पनमेश्वरी माता बहालो बाई पिता त्रिभुवन सिंह उम्र लग. 35 वर्ष दोनो जाति- गोंड निवासी ग्राम सूरता थाना व तहसील रामानुजनगर जिला- सूरजपुर छ.ग.
3. शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा प्रेमनगर जिला- सूरजपुर छ.ग.
4. सर्व साधारण

-------

अनावेदकगण

इस ईश्तहार के जरिये आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एवं अनावेदक क्र-01 से 02, कि माता स्व. बहालो बाई पति स्व. त्रिभुवन सिंह की मृत्यु दिनांक 17/06/2025 को हो गई है। आवेदिका की माता स्व. बहालो बाई के पति त्रिभुवन सिंह का अनावेदक क्रमांक 03 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा प्रेमनगर में बैंक खाता क्रमांक 104000143337 है जिसमें, लगभग 5,00,000/- पांच लाख रूपये राशि जमा है। उक्त बैंक में मृत बहालो बाई का नाम नामिनी के रूप में दर्ज है। स्व. बहालो बाई पति स्व. त्रिभुवन के मृत्यु के पश्चात उसके उत्तराधिकारी आवेदिका है जो इस न्यायालय में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये है। आवेदिका कि माता स्व. बहालो पति स्व. त्रिभुवन सिंह के मृत्यु के पश्चात त्रिभुवन सिंह के नाम से अनावेदक क्रमांक 03 जिला सहकारी बैंक मर्यादित शाखा प्रेमनगर जिला-सूरजपुर छ.ग. में के बचत खाता क्रमांक 104000143337 बैंक में जमा राशि ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता आवेदिका को है, आवेदिका की माता स्व. बहालो पति त्रिभुवन सिंह निवासी ग्राम - सूरता थाना व तहसील रामानुजनगर जिला - सूरजपुर छ.ग. की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी आवेदिका ही है। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते है तो कैफियत के साथ पेशी दिनांक 22/08/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों। यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होते है, तो आपके विरुद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(ASHISH BHAGAT)
CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, SURAJPUR DISTT.-SURAJPUR(C.G.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र.-../20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुषमा सिंह आ./पति संजय सिंह जाति, निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला- चोपड़ापारा शीट नम्बर-1 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 9/142 रकबा 0.04 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-24.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-09.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र.-../20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती संध्या सिंह आ./पति प्रमोद सिंह जाति, निवासी चोपड़ापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-चोपड़ापारा, शीट नम्बर -9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 9/179, 9/140 रकबा 1167, 1794 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-24.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-09.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./..इ/अ-20(3)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहिउद्दीन अहमद आ.मो.आजम, जाति धुनिया, निवासी आरा बलरामपुर, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की शीट नम्बर -08 मोहल्ला पर्राडांड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 2484/58 रकबा 0.04 एकड़ में से रकबा 0.02 एकड़ भूमि को अनावेदक/क्रेता कनिजा फातिमा पत्नी मोहम्मद वसीम, जाति धुनिया, निवासी ग्राम आरा बलरामपुर, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छ.ग. के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.07.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र.-../20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रमोद सिंह आ./पति स्व.राधेश्याम सिंह जाति, निवासी केनाबांध, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-चोपड़ापारा, शीट नम्बर-1 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 9/116 रकबा 0.02 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-24.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-09.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202506020700207/अ-27/2024-25

**फर्द बटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202506020700207/अ-27/2024-25 पक्षकार बबली बाई प्रति अनिल लकड़ा वगै में ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2095/1 रकबा 0.404 हे.भूमि का फर्द बंटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ है। जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/07/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नईम खान पिता नसीर खान उम्र लगभग 45 वर्ष जाति मुसलमान निवासी ग्राम रोपाखार पोस्ट व थाना कमलेश्वरपुर तहसील मैनपाट जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री का सही नाम आलिया खातुन (AALIYA KHATUN) है जो उसके नाम की जन्म प्रमाण पत्र में लिखा गया है। मेरी पुत्री आलिया खातुन (AALIYA KHATUN) के नाम से जो आधार कार्ड बनाया गया है उसमें लिपिकीय त्रुटि वश उसके नाम को अलाय ALAY लिख दिया गया है जो गलत है। मेरी पुत्री आलिया खातुन (AALIYA KHATUN) के नाम से जारी की गई आधार कार्ड क्रमांक 3181 9450 0943 में उसके नाम को अलाय ALAY लिख दिया गया है जिसे सुधार कराते हुए उसके आधार कार्ड में मेरी पुत्री का सही नाम आलिया खातुन (AALIYA KHATUN) दर्ज कराना चाहता हूँ जिसके लिये मेरे द्वारा यह शपथ पत्र उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि हेतु श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**भवदीय**
**नईम खान**
**पिता नसीर खान**
निवासी- ग्राम रोपाखार पोस्ट व थाना कमलेश्वरपुर तहसील मैनपाट जिला सरगुजा छ.ग.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रामभजन पण्डो पिता रामलखन उम्र 39 वर्ष जाति पण्डो निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उक्त पते का निवासी हूं। मेरे पुत्री का वास्तविक नाम सोनिया (SONIYA) पिता रामभजन है जो कि 8वीं तक के अंकसूची में भी मेरा यही नाम दर्ज है। मेरी पुत्री का नाम सोनिया (SONIYA) पिता रामभजन है मेरी पुत्री का जन्म ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग) में हुआ है जो मेरी पुत्री का वास्तविक जन्मतिथि 06.03.2011 है। मेरी पुत्री का आधार कार्ड नं. 376115025715 है में मेरे पुत्री का नाम सरस्वती पण्डो (SARASWATI PANDO) तथा जन्मतिथि 01.01.2011 त्रुटिवश दर्ज किया गया है। मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त जानकारी सत्य है यदि उक्त कण्डिका में दी गई जानकारी गलत पाया जाता है तो उसका स्वयं जिम्मेवार रहूँगा। मैं उक्त जानकारी अपने इस शपथ पत्र के द्वारा राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने के संबंध में प्रस्तुत है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**भवदीय**
**रामभजन पण्डो**
**पिता रामलखन**
निवासी- ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
डॉ. प्रसून सागर
M.B.B.S, MD, DM (Cardiology)
पूर्व कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
धड़कन बढ़ना, उत्तेजना, हृदय की व्याकुलताव घुटन हृदय रोग से संबंधित सभी रोगों के लिए
दिनांक - 19 जुलाई 2026, दिन - रविवार
समय - सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY, MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology, Laparoscopic Surgeon)

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING
DEEMED COLLEGE
COUNSELLING
STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
FORM FILLUP ASSISTANCE
LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षण सत्र 2026-27 में जिले में संचालित 5 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रथम चरण के काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। काउंसलिंग में सम्मिलित विद्यार्थियों में से चयनित अभ्यर्थियों की विद्यालयवार सूची वेब पोर्टल पर जारी की गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वेब पोर्टल का अवलोकन कर आबंटित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में उपस्थित होकर 13 जुलाई से 18 जुलाई समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

### ओमप्रकाश कुशवाहा भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**वाड्रफनगर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पद पर ओमप्रकाश कुशवाहा की नियुक्ति



की गई है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की सहमति से की गई है। इसके पूर्व वे भाजपा जिलामंत्री का दायित्व निभा चुके है।

### डॉ. रजनीश गर्ग छत्तीसगढ़ एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**सूरजपुर।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. रजनीश गर्ग को छत्तीसगढ़ एनजीओ प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया



गया है। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों को नई ऊर्जा और प्रभावी नेतृत्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. रजनीश गर्ग लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में वे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा विभिन्न सामाजिक एवं मानवीय सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. रजनीश गर्ग ने कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

### खरीफ सीजन में दलहन उत्पादन वृद्धि हेतु किसानों को वितरण किए गए बीज



**बिश्रामपुर/मानीचौक।** खरीफ सीजन में दलहन उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से सूरजपुर जिले में कृषि विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है।इसी कड़ी में ग्राम मानी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत संचालित आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजना के तहत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर अरहर एवं उड़द के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर योजना का लाभ उठाया और आधुनिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम कलेक्टर रैना जमील तथा उपसंचालक कृषि सूरजपुर संपदा पैकरा के मार्गदर्शन में किया गया। कृषि अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराकर दलहन उत्पादन में वृद्धि करना है, जिससे किसानों को बेहतर पैदावार के साथ अधिक आर्थिक लाभ मिल सके। दलहन फसलें जहां मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती हैं, वहीं बाजार में भी इनकी अच्छी मांग रहती है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मानी के सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद सिंह, उपसरपंच बोधन सिंह तथा ग्राम पंचायत डेडरी के सरपंच कामता प्रसाद ने किसानों को बीज वितरित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा, किसान मित्र शामनाथ सिंह तथा हरिश्चंद्र राजवाड़े ने किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, बीज उपचार, रोग एवं कीट प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी जानकारी दी। साथ ही किसानों को मौसम के अनुसार खेती की रणनीति अपनाने की सलाह भी दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

## निधन

### जटाशंकर शुक्ला



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर निवासी जटाशंकर शुक्ला का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कृष्ण मुरारी शुक्ला के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र देवेंद्र शुक्ला ने दी। उनके अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

### शैलेन्द्र मगल



**लखनपुर।** लखनपुर निवासी सुरेश मंगल के पुत्र शैलेन्द्र इंद्र मंगल का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र उद्यांशु ने दी। वे राकेश, मुकेश, संजय व सुधीर के भाई थे। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

ग्राम पंचायत में 15 वां वित्त मद से बने तीन सीसी सड़क पर डलवा दिए मिट्टी

# ग्राम पंचायत कपाट बहरी में शासकीय योजनाओं की उड़ाई जा रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



कीचड़ में तब्दील सीसी सड़क।

**खास बातें**

- अब बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील
- ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों की बढ़ी परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए विशेष योजना चलाई जा रही है और योजना के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों को सीसी सड़क से लेकर डामरीकृत सड़क का जाल बिछाया जा रहा है। सड़क की हालत ठीक हो तो लंबी दूरी न सिर्फ कम हो जाती है बल्कि सफर भी आसान हो जाते है। लेकिन सड़क जर्जर हो तो राहगीरों के लिए आवागमन करने में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत कपाट बहरी की है जहां गांव के लोगों के लिए सीसी सड़क का निर्माण कराया गया लेकिन सरपंच व सचिव द्वारा सड़क पर मिट्टी डलवा देने से अब ग्रामीणों की परेशान बढ़ गई है। बारिश के बाद सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

ग्राम पंचायत कपाट बहरी में कुछ साल पहले गांव के लोगों के बेहतर आवागमन के लिए ग्राम पंचायत नवापारा से गौठान जंगल तक 15 वां वित्त मद,प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना , गौड़ खनिज मद से तीन सीसी सड़क का निर्माण किया गया। सड़क बन जाने से गांव के लोगों के लिए बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई थी। इधर सरपंच सचिव की हठधर्मिता अब ग्राम पंचायत के लोगों पर भारी पड़ने लगा है। पंचायत के नवापारा से गौठान जंगल तक बने तीन सीसी सड़क पर गर्मी के मौसम में मिट्टी डलवा दिया है जो अब बरसात आते ही कीचड़ तब्दील हो गया है। ऐसे में गांव 30 घरों के लोग प्रभावित हो रहे है जिन्हें इस कीचड़ युक्त सीसी सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। हालही में हुई बारिश के बाद सड़क की हालत न सिर्फ काफी दयनीय हो गई है बल्कि कीचड़ में तब्दील हो गया है। कीचड़ में तब्दील होने से गांव के लोगों के अलावा छात्र-छात्राओं को स्कूल आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### होती है परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि सीसी सड़क पर मिट्टी डाल देने से बारिश के इस मौसम में सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी व ठंड के मौसम में सूखा होने से ज्यादा परेशानी नहीं होती लेकिन बारिश होने के बाद परेशानी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि खेती किसानी के इस सीजन में खाद, बीज सहित अन्य कृषि सामान लाने में काफी दिक्कत होती है। सड़क पर कीचड़ होने तथा फिसल कर गिरने का खतरा बना रहता है। कई बार तो बाइक सवार दुर्घटना के शिकार भी हो चुके है।

### सड़क से मिट्टी हटाने दिए है निर्देश

ग्राम पंचायत कपाट बहरी के तीन सीसी सड़क पर मिट्टी डाल देने से कीचड़ होने की शिकायत मिली है। सरपंच को सड़क से मिट्टी हटाने के लिए निर्देशित किया गया है।

-लक्ष्मीनारायण सिदार
जनपद सीईओ



# कंवरियों के स्वागत को लेकर कांरिया सेवा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- 27 जुलाई से 35 दिनों तक चलेगा कांवरियों की सेवा महाअभियान

श्रावण मास में झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए जाने वाले हजारों कांवरियों की सेवा के लिए रामानुजगंज एक बार फिर तैयार है। बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति द्वारा नगरवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी कांवर यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में नपा अध्यक्ष एवं समिति प्रमुख रमन अग्रवाल की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भाग लेकर सेवा कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई की शाम से कांवरियों की सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी। नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन में लगभग 35 दिनों तक 24 घंटे कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही सेवा व्यवस्था की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक शनिवार शाम 5 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करना पूरे नगर के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विगत वर्षों में नगर के लोगों ने सेवा की मिसाल पेश की है, उसी समर्पण और श्रद्धा के साथ इस वर्ष भी सभी शिवभक्त तन, मन और धन से सेवा कार्य में जुटेंगे। उन्होंने कहा कि अल्प सूचना पर इतनी बड़ी संख्या में शिव भक्तों का उपस्थित होना नगरवासियों की सेवा भावना और धार्मिक आस्था का परिचायक है। बैठक में सेवा कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न दायित्वों का विभाजन भी किया गया। इस दौरान आरके पटेल, सुभाष जायसवाल, एसपी निगम, टीआर शर्मा, कन्हैयालाल अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, अशोक जायसवाल, अजय गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रदीप अग्रवाल, संतोष गुप्ता, अजय केसरी, लालमन सोनी, आरएस तिवारी, राजेश सोनी, सुभाष केसरी, मोहन गुप्ता, अनूप कश्यप, सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, विजय रावत, अर्जुन दास, प्रमोद कश्यप, बबन सिंह, दशरथ ठाकुर, प्रदीप चौबे, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, बहादुर सिंह, संतोष केशरी, संजय कश्यप, अनिल पासवान, लाल मोहन कश्यप, रामानुज ठाकुर, रामाशीष मेहता, विनोद केसरी, मोहन ठाकुर, राज किशोर पाल, जगन्नाथ गुप्ता, अशोक ठाकुर, छट्ठू गुप्ता, बंसी गुप्ता, अरविंद कश्यप, निशांत गुप्ता, एसएन पांडेय, विपिन पाठक, सुंदरलाल, विनोद राहगीर, आशीष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजू केसरी, प्रदीप चौबे, लोकेश पांडे, कुकू गुप्ता, रितेश तिवारी, नवल अग्रवाल, अजय प्रजापति, जगदीश दास, ओम गुप्ता तथा अनिल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

# वी क्लब उड़ान के नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण




**बैकुण्ठपुर।** वी क्लब उड़ान बैकुंठपुर के नई कार्यकारिणी गठित होने के उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक मंजू जीवननी तथा पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान सह-कोषाध्यक्ष रूची बड़ेरिया की गरिमामयी उपस्थिति में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब की अध्यक्ष बलजीत कौर ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बीते वर्ष में क्लब द्वारा किए गए सामाजिक एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 14 जून को जबलपुर में आयोजित 'द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया' की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 23 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर अंबिकापुर (सरगुजा) को प्रथम तथा वी क्लब उड़ान बैकुंठपुर (कोरिया) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जो जिले के लिए गौरव की बात है। अध्यक्ष बलजीत कौर ने इस उपलब्धि का श्रेय क्लब के सभी सदस्यों को देते हुए कहा कि ₹एकता में ही शक्ति है।₹ उन्होंने सभी से भविष्य में भी सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने, क्लब का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष बलजीत कौर, सचिव मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष क्षमा बड़ेरिया सहित सुमित्रा गुप्ता, किरण भार्वे, रानी बड़ेरिया, सुधा शर्मा, मनजिंदर कौर, जया जायसवाल, रीना जायसवाल, स्नेहलता, अंजू पांडेय, सीमा पांडेय, सारिका श्रीवास्तव, सरोज पासवान, मनीषा चिटनिस, शोभा मिश्रा एवं कुलविंदर कौर सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं।

***अंबिकापुर।** प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम सलका निवासी 28 वर्षीय पवन पण्डो आ. स्व. बुडगी 13 जुलाई की रात लगभग 7 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2870 से ग्राम बंधा बगदेवा दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम से ग्राम भुरकुडर्वा ससुराल जाने के दौरान कटिंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जैसे ही बाइक सवार पहुंचा अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक टक्कर मार दी। घटना में पवन पण्डो गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए लखनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# सोनवाही जंगल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच सोनवाही जंगल में द्वारिकानगर काली मंदिर तिराहा के पास अज्ञात वाहन ने युवक की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया,हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लटोरी पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 26 वर्षीय सुनील कुमार राजवाड़े पिता दिलबंधु राजवाड़े निवासी ग्राम खर्रा, थाना ओड़गी के रूप में हुई है,बताया जा रहा है कि सुनील राजवाड़े मंगलवार शाम करीब 4 बजे अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सोनवाही जंगल के समीप द्वारिकानगर काली मंदिर तिराहा के पास बारिश के बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है जिसके बाद पुलिस ने तत्काल परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में पूर्व बीईओ एसपी जायसवाल, मीना वर्मा, सच्चिदानंद पाण्डेय, पं.रामनारायण शर्मा व चंद्रभूषण मिश्र के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी का प्रारंभ रामचरित मानस, बंशीधर लाल व एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों के संक्षिप्त पाठ से हुई। मीना वर्मा ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। उपस्थिति अतिथियों ने विश्व जनसंख्या दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। काव्यगोष्ठी में डॉ.पूनम दुबे वीणा ने आबादी इतनी बढ़ी, खुशी हुई काफूर, आशा पाण्डेय ने नहीं मिलेगा अन्न भी, जन होंगे बेहाल, डॉ.माधुरी जायसवाल ने जनसंख्या की वृद्धि से देश हुआ लाचार, मुकुंदलाल साहू ने नही मिलेगा कुछ कही, होगा हाहाकार, मंशा शुक्ला ने पड़ती कमाई अब पूरी नहीं है, आनंद यादव ने बढ़ती जनसंख्या का यह कैसा विस्तार, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जब धरती बिरहन तरसी है, रामलाल विश्वकर्मा ने मंदिरों में मन के अंदर प्रश्न कितने आ गए, अजय सागर ने रातभर हवा गुनगुनाती रही, चंद्रभूषण मिश्र ने पर्दे में ऐ पर्दानशी इतराना सिख, रंजीत सारथी ने मनमोहना कन्हैया मोर मया मा बांध डारे व मीना वर्मा ने कर्मा की कुटिया में चलकर जगन्नाथ जब आते थे रचना की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान मदालसा गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

# जयंती पर राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की 93 वी जयंती पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा रियासत के महाराज टीएस सिंहदेव भी उपस्थित थे। राजमाता स्व श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंह देव का जन्म 13 जुलाई 1933 को हिमाचल प्रदेश के जुब्बल राजपरिवार में हुआ था।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं सरगुजा महाराज स्व. एमएस सिंह देव से विवाह के बाद वे सरगुजा आई थीं। सरगुजा में उन्होंने पूरा वक्त बिताया। यहीं से उन्होंने राजनीति की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव एक बार अंबिकापुर व एक बार बैकुंठपुर से विधायक भी रहीं। अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रकाशचंद्र सेठी व अर्जुन सिंह के मंत्री मंडल की वे मंत्री रहीं। उन्हें आवास, पर्यावरण, मध्यम सिंचाई, वित्त विभाग की जवाबदारी दी गई थी। महाराज स्व. एमएस सिंहदेव के शासकीय सेवा में होने के कारण उन्होंने सरगुजा जिले की सभी राजनैतिक और समाजिक जिम्मेदारियों को सम्हाल लिया था। वे सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रही। सत्तर और अस्सी के दशक में एक महिला होने के बावजूद इस दौरान उन्होंने तत्कालीन सरगुजा जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर औपचारिक रुप से कांग्रेस के मजबूत संगठन की आधारशिला रखी थी। राजीव भवन में श्रद्धांजलि के पूर्व प्रतीक्षा बस स्टैंण्ड चौक पर पूर्व महाराज स्व. एमएस सिंहदेव एवं स्व. राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत मां महामाया मंदिर में पूजा उपरांत भण्डारे का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान डॉ. प्रेमसाय सिंह, जेपी श्रीवास्तव, शफी अहमद, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, जगन्नाथ कुशवाहा, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, शैलेंद्र प्रताप सिंह, फूलसाय लकड़ा, संजय सिंह, अनूप मेहता, लोकेश कुमार, आलोक सिंह, मेराज रंगरेज, जीवन यादव, विनोद एक्का, चंद्रप्रकाश सिंह, सोहन जायसवाल, सतीश बारी, बालकेश्वर तिर्की, कलीम अंसारी, आशीष जायसवाल, सरीता महंत, अविनाश कुमार, काजू खान, निखिल विश्वकर्मा, आलोक गुप्ता, रोशन कन्नौजिया, अंकित जायसवाल, वसीम अंसारी आदि मौजूद थे।

12 महीने चले विशेष 'स्वास्थ्य एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट' के सकारात्मक नतीजे

# अदाणी विद्या मंदिर के एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट से 600 ग्रामीण बच्चे हुए कुपोषण से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सामाजिक सरोकार शाखा अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित अदाणी विद्या मंदिर सरगुजा ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय ने एक वर्ष तक चले विशेष स्वास्थ्य एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके माध्यम से 600 ग्रामीण विद्यार्थियों में प्रोटीन एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधियों के जरिए दूर किया गया।

प्रबंधन के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान विद्यालय के सामने एक बड़ी चुनौती थी। सुबह की प्रार्थना सभा में हर दिन औसतन 15 से 20 विद्यार्थियों को कमजोरी और चक्कर आने की शिकायत होती थी। जब उनकी चिकित्सकीय जांच कराई गई तो पता चला कि अधिकतर बच्चों का वजन सामान्य से कम है। इसके अलावा उनमें सुस्ती, ऊर्जा की कमी और शारीरिक सहनशक्ति का अभाव भी देखा गया। विद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन में सामने आया कि इसकी सबसे बड़ी वजह बच्चों का ऐसा भोजन था, जिसमें कार्बोहाइड्रेट तो पर्याप्त मात्रा में था, लेकिन प्रोटीन, अमीनो एसिड और शरीर के लिए जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी थी। परिस्थितियों को ध्यान में रखते



हुए, विद्यालय ने स्थानीय खान-पान और परंपराओं का सम्मान करते हुए बच्चों के बेहतर पोषण और शारीरिक विकास के लिए एक समग्र योजना तैयार की। डायटीशियन्स की सलाह से ऐसा पोषण मॉडल विकसित किया गया, जिससे पारंपरिक भोजन में बड़े बदलाव किए बिना बच्चों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराए जा सकें। इसके साथ ही विद्यालय ने प्रार्थना सभा के बाद विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य व्यायाम प्रणाली लागू की। पोषण प्रोटोकॉल के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन 100 मिलीलीटर दूध में चॉकलेट फ्लेवर युक्त पौष्टिक माल्ट आधारित पेय दिया गया। मध्याह्न भोजन में सोयाबीन, मूंग दाल और चना जैसे उच्च गुणवत्ता वाले पौध-आधारित प्रोटीन शामिल किए गए। इसके अलावा प्रतिदिन दो मौसमी फल और सप्ताह में दो बार सब्जियों से युक्त गेहूं का दलिया भी दिया गया। भोजन को संतुलित रखते हुए अधिक तेल, अतिरिक्त नमक और सूजन बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज किया गया। लगातार 12 महीनों तक इस योजना का पालन करने के बाद विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में स्पष्ट सुधार देखने को मिला। प्रार्थना सभा के दौरान अब किसी भी विद्यार्थी को चक्कर आने की समस्या नहीं होती।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों को समझते हुए संतुलित पोषण और नियमित व्यायाम को साथ लेकर चलने से यह सकारात्मक बदलाव संभव हुआ है। हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और सक्षम बनाना था, और ये परिणाम उसी दिशा में हमारा विश्वास मजबूत करते हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सरगुजा के 3 शिक्षकों का होगा सम्मान

**डाड़गांव।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 15 जुलाई की सायं 5 बजे विमतारा, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल, संस्थापक एनआर स्टील, रायगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चितरंजन कर, पूर्व विभागाध्यक्ष भाषा विज्ञान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, राजभाषा हिंदी सलाहकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित रही। देश के विभिन्न राज्यों से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का अंतिम चयन सम्मान के लिए किया गया है। उक्त पुरस्कार हेतु सरगुजा जिले से विपिन बिहारी गहवई व्याख्याता हाई स्कूल फुलचुही ,श्रीमती परमेश्वरी कवर व्याख्याता जजगी, डॉ सुनील कुमार यादव सहायक शिक्षक पेड़रखी का चयन हुआ है। संस्था के अनुसार यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का राष्ट्रीय अभिनंदन है।

### बिजली की आंखमिचौली से बतौली क्षेत्र के लोग परेशान

**सेदम।** बतौली में लगातार हो रही बिजली गुल के समस्या को लेकर बिजली विभाग को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा नेता अमित गुप्ता ने कहा कि पिछले



10 वर्षों में बिजली विभाग की कार्य प्रणाली बद से बदतर हो गई है। पूरे मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति सहित व्यवस्था सुधार करने में बिजली विभाग पूरी तरह नाकाम हो रहे है। क्षेत्र की जनता को आज बिजली की आवश्यकता हेतु तरसते देखा जा रहा है। बरसात के मौसम आते ही ग्रामीण परिवेश में लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है और हर वक्त सांप बिच्छुओं का खतरा मंडराते रहता है। बिजली विभाग की लापरवाही से भाजपा की योजनाएं का भी सही क्रियान्वयन नहीं हो रहा है जिससे अब बिजली विभाग के रवैया को लेकर आंदोलन के मूड में है। बिजली विभाग के कार्यप्रणाली को लेकर बतौली के भाजपा नेता अमित गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है।

### हवन-पूजन कर परिवार के सदस्यों ने की मूल धर्म में वापसी

**बिहारपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता की प्रेरणा से ग्राम कुबेरपुर निवासी मेघनाथ यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इसाई धर्म से अपने मूल धर्म में वापसी की। ग्राम कुबेरपुर में रविवार को चंगाई सभा के माध्यम से ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर ग्रामीणों ने खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में भारी विरोध किया था साथ ही मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने चंगाई सभा में उपस्थित लोगों को थाना बुलवाया था। इस दौरान जानकारी मिली कि चंगाई सभा के बहाने लंबे समय से ग्रामीणों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। सूचना के बाद खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता ऐसे ग्रामीणों से संपर्क कर अपने मूल धर्म में वापस लौटने के लिए प्रेरित कर रहे थे। श्री गुप्ता के प्रयासों से मेघनाथ यादव ने परिवार के सदस्यों के साथ अपने मूलधर्म में वापसी की। इस दौरान सनातन पद्धति से हवन-पूजन उपरांत परिवार के सदस्यों ने ग्रामीणों की उपस्थिति में मूल धर्म में वापसी की तथा सनातन धर्म के अनुसार जीवन यापन करने का संकल्प लिया।

### एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास चैनपुर में शाला प्रवेश उत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास चैनपुर (मनेन्द्रगढ़) में नवीन सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के जिला, नगर एवं महिला समिति के पदाधिकारियों, छात्रावास संचालन समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें छात्रावास जीवन, अनुशासन और संस्कारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने वनवासी कल्याण आश्रम की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं समाज में उसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रावास केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना के निर्माण का माध्यम भी है। कार्यक्रम में जिला समिति की ओर से रमेशधर दीवान, सी.एल. नागवंशी, प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, माहेश्वरी एवं जिला सचिव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 6 किमी की दूरी तय करने में लग रहा लंबा समय

# खतरनाक गड्ढों के कारण धौरपुर-बबौली मार्ग से आवागमन हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

देखरेख एवं मरम्मत के आभाव में धौरपुर-राजपुर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। इसी सड़क पर विकासखण्ड के आधा दर्जन से अधिक गांव निर्भर हैं साथ ही बलरामपुर जिला से जुड़े होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क के गड्ढों के कारण आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बातें**
- एक साल पूर्व ग्राम पंचायतों ने कराया था मरम्मत
- कनहीं है वैकल्पिक मार्ग की सुविधा

दूरस्थ क्षेत्र के गांवों तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत धौरपुर-बबौली सड़क का निर्माण कराया गया था। विभाग द्वारा अलग-अलग चरणों में इस सड़क का विस्तार किया गया जिससे अब रघुनाथपुर से बलरामपुर जिले के अंतिम छोर तक लोगों को आवागमन की सुविधा मिल रही है। बलरामपुर जिले के अंतिम छोर तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध होने एवं छोटा मार्ग होने के कारण न केवल सरगुजा बल्कि रायगढ़ जिला के यात्री भी इसी मार्ग से बलरामपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों सहित यूपी एवं झारखण्ड जाने के लिए उपयोग करते हैं। प्रारंभ में मार्ग की जानकारी नहीं होने के कारण यातायात का दबाव कम था लेकिन अब मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ने के कारण यातायात का दबाव भी बढ़ गया है। पांच साल पूर्व विभाग ने सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराई थी इसके बाद से विभाग द्वारा गड्ढों की मरम्मत कराने की पहल नहीं की गई। सड़क का शेष हिस्सा तो ठीक है लेकिन धौरपुर से बबौली तक 6 किमी लम्बी सड़क पूरी तरह उखड़ गई है तथा सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। हालत यह है कि मौसम साफ रहने पर दिन-रात सड़क की धूल का सामना करना पड़ता है जबकि बरसात में सड़क पर जगह-जगह पानी एवं कीचड़ जमा हो जाता है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से लोग दुर्घटना के भी शिकार होते है।



जर्जर सड़क।

#### पंचायत ने कराई थी मरम्मत

पिछले साल बरसात में सड़क के गड्ढों का आकार बढ़ने एवं आए दिन दुर्घटनाएं होने पर ग्रामीणों के दबाव पर ग्राम पंचायतों ने मूलभूत की राशि से मुरूम एवं स्टोन डस्ट से गड्ढों की मरम्मत कराई थी। बारिश होने के बाद फिर से सड़क बदहाल हो गई है। ग्रामीणों के दबाव में ग्राम पंचायतों द्वारा अपने क्षेत्र के गड्ढों में मुरूम भरवाया गया था लेकिन वर्षा होते ही गड्ढे फिर से तैयार हो जा रहे हैं। ग्राम कुदर के उप सरपंच प्रमोद कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायतों के पास इतनी राशि उपलब्ध नहीं है जिससे सड़क की मरम्मत कराई जा सके। सड़क मरम्मत अत्यंत आवश्यक है लेकिन इसके लिए अधिक राशि की जरूरत पड़ेगी।

#### नहीं है वैकल्पिक मार्ग

धौरपुर-बबौली मार्ग से ग्राम जोरी, विल्हमा, रघुपुर, कुदर, बबौली एवं जमोनी जुड़े हैं। तहसील मुख्यालय आने के लिए इन गांवों के लिए यह एकमात्र मार्ग है। अस्पताल जाना हो या फिर तहसील कार्यालय एवं स्कूल-कॉलेज ग्रामीणों का यही मार्ग सहारा है। खतरनाक गड्ढों के कारण 6 किमी की दूरी तय करने में ही एक घंटा का समय लग जाता है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

विभाग के पास मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध नहीं रहती है। सड़क की गांरटी अवधि भी खत्म हो गई है। सड़क मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही मरम्मत कराई जाएगी।

-श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर
सहायक अभियंता, पीएमजीएसवाई



## शकुंतला के प्रयास से सड़क निर्माण के लिए 24 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों का एक और बड़ा परिणाम सामने आया है। वर्षों से बदहाल पड़ी अंबिकापुर–प्रतापपुर मुख्य सड़क के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण का बहुप्रतीक्षित कार्य अब धरातल पर उतरने जा रहा है। लगभग 42 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए 24 करोड़ 58 लाख 78 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन द्वारा पहले ही प्रदान की जा चुकी है, जबकि अब लोक निर्माण विभाग ने विधिवत कार्यादेश जारी कर निर्माण एजेंसी को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दे दिए हैं।

- बरसात के बाद बनेगी अंबिकापुर–प्रतापपुर मुख्य सड़क

अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग से जहां प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। महान-3 कोयला खदान क्षेत्र से भारी वाहनों के लगातार संचालन के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती थी, जिससे लोगों, मरीजों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी इस समस्या को विधायक शकुंतला सिंह ने गंभीरता से लिया और लगातार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात कर इस सड़क के लिए स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया। विधायक के लगातार प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा 7 नवंबर को इस सड़क के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य के लिए 2458.78 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाए तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। इसके बाद लोक निर्माण विभाग संभाग अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता कार्यालय द्वारा 8 जून को कार्यादेश जारी कर चंद्रा कंस्ट्रक्शन को निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

अनुबंध के अनुसार लगभग 2140.76 लाख के अनुबंध मूल्य पर यह कार्य छह माह की अवधि में, वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए पूरा किया जाना है। कार्य में सड़क का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण, मोटी कंक्रीट परत तथा आवश्यक डामरीकरण किया जाएगा, जिससे सड़क लंबे समय तक टिकाऊ और सुरक्षित बनी रहे। हालांकि वर्तमान में मानसून के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, लेकिन विभाग ने संपूर्ण कार्य योजना तैयार कर ली है।

## प्लेसमेंट कर्मचारी को नकाबपोश तीन लोगों ने पहले बनाया बंधक फिर लूट लिए बाइक व नगदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत में पदस्थ एक प्लेसमेंट कर्मचारी को राजपुर सीमा से लगे सागौन जंगल सेमरा बकासपुर ग्राम में सोमवार दोपहर घात लगाकर बैठे नकाबपोश लुटेरों ने हमला करके न सिर्फ उसे बंधक बनाया बल्कि नगदी, मोबाइल और बाइक लूट लिया। तीन नकाबपोश द्वारा दिनदहाड़े राजपुर से 2 किलोमीटर दूर जंगल घटना को अंजाम दिया जिससे राजपुर इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी शंकर नाग ने बताया कि वह रोज की तरह अपने सेमरा घर से राजपुर ड्यूटी के लिए जा रहा था। दोपहर में 2.30 बजे के बीच दो-तीन अज्ञात नकाबपोशों ने उसे रोक कर जंगल के अंदर ले गए और हाथ पैर बांधकर उसके पास रखे पैसे, मोबाइल लूट लिए और बाइक क्रमांक सीजी 30 एच 1574 को भी लेकर फरार हो गए। किसी तरह सागौन जंगल में अंदर से बाहर आया जहां पर पुटु बीनने गए ग्रामीणों की नजर पड़ी और उन्होंने उसे बंधन मुक्त किया। पीड़ित ने नगर पंचायत और थाने में इसकी सूचना दी। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्म सिंह ने भी इस लूटपाट की घटना की पुष्टि की है। राजपुर थाना में प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर जिले भर की पुलिस और साइबर सेल मामले की जांच की जा रही है।



इस संबंध में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि प्रार्थी के रिपोर्ट के अनुसार लूटपाट का मामला का दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पीड़ित के बताए अनुसार हर पहलू पर बारीकी से जांच की जा रही है।

#### घसीटते हुए निकला जंगल से

घटना के करीब एक घंटे बाद घायल शंकर नाग किसी तरह से घसीटते हुए जंगल से पगडंडी की ओर गया और अपने बंधे हुए पैर को किसी तरह से जंगल से रेंगने की कोशिश की। वहां से पुटू बीनकर जा रहे लोगों की नजरें उस पर पड़ी जिसके बाद घायल को उसके घर सेमरा तक पहुंचा दिया गया।

### शराब पीने पैसा नहीं दिया तो ग्रामीण ने लगा लिया फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सुन्दरपुर चिटकीपारा निवासी जगनारायण यादव (62 वर्ष) पत्नी, बेटा और बहू के साथ किराए के मकान में रहता था। सोमवार को जगनारायण शराब पीने के लिए लिए पत्नी से पैसा की मांग की जिस पर पत्नी ने पैसा देने के मना कर दिया। पैसा नहीं देने से नाराज हुए जगनारायण ने पत्नी दुलेश्वरी, बेटा विशुन, उमेश व बहू के साथ गाली गलौज करते हुए विवाद करने लगा। विवाद बढ़ता देख परिवार के लोग घर से बाहर निकल कर बात करने लगे। कुछ समय बाद जब बेटा अंदर गया तो देखा पिता फांसी में लटका हुआ था। परिजन तत्काल उसे फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## बिजनेस प्लस

### एचएफडीलक्स प्रो बाइक का ग्राहकों ने किया एवरेज टेस्ट

**अम्बिकापुर।** आनन्द ऑटोमोबाइल्स आनन्द नगर में हीरो मोटो कार्प की हीरो मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स प्रो का एवरेज टेस्ट ग्राहकों द्वारा कराया गया। ग्राहकों को बुलाकर उनके द्वारा क्रय किए गए हीरो एचएफ डीलक्स प्रो बाइक का पेट्रोल एवरेज टेस्ट कराया गया। हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के तरफ से सभी ग्राहकों को मोटरसाइकिल में कंपनी द्वारा फ्री में पेट्रोल टंकी फुल करा कर पेट्रोल एवरेज टेस्ट कराया गया जिसमें सामान्य ग्राहक जगलाल केरकेट्टा ग्राम बकीरमा- पहाड़पारा इनका पेट्रोल एवरेज 123 किलोमीटर प्रति लीटर आया, दूसरे ग्राहक संजय तिवारी इनके एचएफ डीलक्स प्रो का एवरेज 119 किलोमीटर प्रति लीटर आया एवं तीसरे ग्राहक विफल राम इनके गाड़ी का एवरेज 121 किलोमीटर प्रति लीटर आया। पेट्रोल एवरेज अच्छा प्राप्त होने पर ग्राहकों को हीरो मोटोकॉर्प कंपनी द्वारा उपहार एवं सर्टिफिकेट द्वारा सम्मान दिया गया एवं उनका सम्मान किया गया। आज के महंगाई के दौर में ग्राहकों का रुझान ज्यादा माइलेज देने वाले मोटरसाइकिल की ओर ज्यादा आकर्षित करता है। जिसमें हीरो एच एफ डीलक्स प्रो मोटरसाइकिल सबसे अच्छा माइलेज देने वाला गाड़ियों में खरा उतरता है। इस अवसर पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ कर कार्यक्रम का आनंद लिए। एवरेज कार्यक्रम में 10 ग्राहकों को चयनित कर उसे पेट्रोल एवरेज टेस्ट कराया गया।



## शहर में सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर अब होगी कैमरे से निगरानी

**अंबिकापुर।** नगर निगम द्वारा मंगलवार को एमआईसी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। अब शहर में जगह जगह कचरा फेंकने वालों पर कैमरे से निगरानी रखने के साथ ही उनपर जुर्माना लगया जाएगा। इसके साथ ही शहर के घुमंतू पशुओं को संभालने का जिम्मा अब निजी हाथ को देने का निर्णय लिया गया है। वहीं नगर निगम ने शहर में तीन नए स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।

- एमआईसी की बैठक में लिया गया निर्णय, लगेंगे सीसीटीवी, लगेगा जुर्माना

बता दें कि मंगलवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की अध्यक्षता में महापौर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 14 बिन्दुओं पर चर्चा करने के साथ ही अहम निर्णय लिए गए। बैठक में शहर की 6 सड़कों के मरम्मत व निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की गई 22 करोड़ की राशि के लिए टेंडर किया गया है। महापौर ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और दर स्वीकृति के बाद अक्टूबर महीने से काम शुरू करा दिया जाएगा। एमआईसी में टेंडर के दर को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही बैठक में शहर में स्वच्छता को लेकर मुद्दा गरमाया रहा। शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के बाद भी लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। लगातार आह्वान किए जाने और समझाइश के बाद भी लोग अपने घरों और दुकानों से कचरा सडकों पर फेंक रहे है। व्यावसायिक मार्गों की हालत और भी खराब है। रात होती ही लोगों के घरों से कचरा सड़क पर फेंकने का सिलसिला शुरू हो जाता है। महापौर ने बताया कि वर्तमान में 8-10 ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया गया है जहां कचरा फेंका जाता है। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा और अब कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनपर कड़ाई करने के साथ ही जुर्माना लगे जाएगा। शहर में आवारा मवेशियों के कारण भी समस्या बढ़ गई है और लोग हादसों का शिकार हो रहे है। लोगों द्वारा अपने मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है। नगर निगम की एम्आईसी में निर्णय लिया गया है कि इन आवारा मवेशियों को संभालने का जिम्मा सत्यम द्विवेदी को दिया जाएगा। भविष्य में इन मवेशियों की नीलामी कराई जाएगी।




#### स्ट्रीट लाईट के लिए 30 लाख मिले

बैठक के दौरान महापौर ने अधिकारी-कर्मचारियों पर भी नाराजगी जाहिर की। पार्षदों का फोन नहीं उठाए जाने की शिकायत पर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की और दिशा निर्देश दिए। वहीँ उन्होंने बताया कि शहर में स्ट्रीट लाईट के मरम्मत और केबल के लिए राशि नहीं होने से परेसानी हो रही थी। इस समस्या को दिशा समिति की बैठक में उठाया गया था जिसपर कलेक्टर ने राशि स्वीकृति का आश्वासन दिया था और अब कलेक्टर की ओर से डीएमएफ मद से 30 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि शहर में दीवारों पर विज्ञापन की वाल राइटिंग करने वालों से अब शुल्क वसूला जाएगा।



### बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था, सप्ताह में दो दिन आते हैं शिक्षक

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कचोहर के शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, जहां पदस्थ प्रधान पाठक शिवशंकर कमलवंशी, शिक्षिका सोम प्रभा सिदार एवं शिक्षिका सुमन राठौर विद्यालय से अनुपस्थित मिले। बताया जा रहा है कि लगातार पांचवीं बार निरीक्षण के दौरान ये शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बताया कि विद्यालय के शिक्षक सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही स्कूल आते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षकों की लापरवाही और नियमित अनुपस्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है और दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।




## शौच के लिए निकले मजदूर पर हाथी का हमला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर बीट में जंगली हाथियों की दस्तक आखिरकार एक बड़ी घटना में बदल गई। पिछले तीन दिनों से जंगल और गांवों के आसपास विचरण कर रहे हाथियों ने सोमवार सुबह एक मजदूर पर जानलेवा हमला कर दिया। शौच के लिए जंगल किनारे गए मजदूर को हाथी ने जमीन पर पटकने के बाद उसके बाएं पैर को बुरी तरह कुचल दिया। मजदूर की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब तक हाथी जंगल की ओर बढ़ चुका था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद कल्याणपुर हरिजनपारा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।



घायल की पहचान सुंदरपाल पिता गोपाल के रूप में हुई है। वे मूल रूप से भुम्मा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में कल्याणपुर के एक गुड़ फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। सोमवार सुबह वह रोज की तरह शौच के लिए जंगल किनारे गए थे। इसी दौरान कल्याणपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2572 में छिपे एक हाथी से उनका सामना हो गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, हाथी ने उन पर हमला बोल दिया और उनके एक पैर को बुरी तरह कुचल दिया जिससे पैर की हड्डी टूट गई हैं। वन विभाग के अनुसार अखोरा बीट से निकले दो हाथी तीन दिनों से सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। हाथियों की लगातार गतिविधियों के कारण वन विभाग, हाथी मित्र दल और ग्रामीणों को पहले ही सतर्क कर दिया गया था। दिनभर हाथियों की लोकेशन पर नजर रखी जा रही थी और लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील की जा रही थी। सोमवार को सूचना मिली कि दोनों हाथी बलरामपुर जिले की ओर चले गए हैं। इससे ग्रामीणों और वन अमले ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ ही देर बाद खबर आई कि एक हाथी फिर से कल्याणपुर हरिजनपारा में लौट आया है। इसके बाद वन विभाग पूरी रात उसकी निगरानी करता रहा।

